कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.02.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

कन्या महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में परचम लहराया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर पूरे संभाग में अपना परचम लहराया है।

छात्राओं की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इन छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होनें कहा कि बिना प्राध्यापकों की मेहनत के इस स्तर की सफलता नहीं मिल सकती थी।

इस वर्ष विशेष रूप से एम.एससी. वनस्पतिशास्त्र में कु. चंद्रमुखी, एम.एससी. गहविज्ञान (फूड न्यूट्रीशियन में कु. डॉली निषाद एवं एम.ए. गृहविज्ञान में कु. तृप्ति ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

इनके अतिरिक्त प्रावीण्य सूची में एम.एससी. प्राणीशास्त्र में 03 छात्रायें कु. युगलक्ष्मी-पंचम, कु. लाईबा नूर-षष्ठम्, कु. श्रुति आदित्य-अष्टम् एवं एम.एससी. गणित में कु. डॉली देशमुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एम.ए. अर्थशास्त्र में कु. वंदना शर्मा - 10वाँ स्थान प्राप्त किया। एम.ए. हिन्दी में 02 छात्रायें - कु. अभिषा देवांगन-चतुर्थ, कु. लीना गावड़े- अष्ठम् स्थान प्राप्त किया। एम.ए. भूगोल में 04 छात्रायें - कु. खिलेश्वरी-द्वितीय स्थान, कु. निलिमा-षष्ठम स्थान, कु. मानसी नेताम-अष्ठम्, कु. नम्रता बंजारे ने नवम् स्थान प्राप्त किया। एम.ए. राजनीतिशास्त्र में कु. अंजली-चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। एम.ए. समाजशास्त्र में कु. पायल- सप्तम स्थान प्राप्त किया। एम.कॉम. में कु. दामिनी ने सातवाँ स्थान प्राप्त किया।

गृहविज्ञान संकाय की छात्राओं ने भी प्रावीण्य सूची में विशेष स्थान प्राप्त किया है। एम.एससी. गृहविज्ञान के 07 स्थानों में महाविद्यालय की छात्राओं में कु. डाली निषाद, कु. आईनी धृतलहरे, कु. तोमिन, कु. रिया तिवारी, कु. गोल्छा, कु. निशा ठाकुर, कु. नीलम ठाकुर ने बाजी मारी है वहीं एम.ए. गृहविज्ञान में 08 स्थानों में महाविद्यालय की छात्राओं में कु. तृप्ति, कु. शीतल साहू, कु. लिकेश्वरी, कु. खिलेश्वरी, कु. ख्याति टण्डन, कु. निधि साह, कु. मुस्कान कुर्रे, कु. खुश्बू ने कब्जा किया है।

बी.एससी. गृहविज्ञान में कु. युक्ति देशमुख-द्वितीय स्थान, कु. फातिमा-तृतीय, कु. शिलमन-चतुर्थ, कु.खोमेश्वरी-षष्ठम स्थान, कु. आशिया-दसम स्थान प्राप्त किया है। कु. काव्यशिखा ने बी.ए. अंतिम वर्ष में पंचम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की गरिमा बढ़ाई है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं को उनके उपलब्धियों की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कन्या महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में परचम लहराया